संपादकीय

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की द्वारा हर चौथे वर्ष जल एवं जलविज्ञान से जुड़े किसी एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी विषय को लेकर विगत 24 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही राष्ट्रीय जल संगोष्ठी के आयोजन की इस अप्रतिम परम्परा को जारी रखते हुए इस बार दिनांक 17–18 अगस्त, 2023 को ''जलवायु परिवर्तन एवं जल प्रबंधन'' विषय पर 7वीं राष्ट्रीय जल संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इस संगोष्ठी में प्रस्तुतीकरण हेतु चुने गए शोध पत्र सारांशों के संकलन को प्रबुद्ध पाठकों तथा उपयोगकर्ता एजेंसियों को एक स्मारिका के रूप में सौंपते हुए हमें एक सुखद अनुभूति हो रही है। इस संगोष्ठी के आयोजन को सफल एवं सार्थक बनाने में वैज्ञानिकों, अभियंताओं, शिक्षाविदों तथा शोधकर्ताओं ने उपर्युक्त विषय से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने उपयोगी तथा महत्वपूर्ण शोध पत्र देकर हमें भरपूर सहयोग दिया है। हम इन सभी विद्वतजनों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और आशा करते हैं कि वे भविष्य में भी इसी तरह हिंदी में आयोजित की जाने वाली संगोष्ठियों एवं सम्मेलनों में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करेंगे और राजभाषा हिंदी का मान एवं गौरव बढ़ाएंगे जिससे जन–साधारण को भी अपेक्षित लाभ एवं प्रोत्साहन मिलेगा।

हमें विश्वास है कि शोध पत्र सारांशों का यह संकलन जल एवं जल संसाधन के क्षेत्र में कार्य कर रहे समस्त वैज्ञानिकों, अभियंताओं, शिक्षाविदों तथा शोधकर्ताओं के साथ–साथ सामान्य जनमानस को भी लाभ पहुंचाने में कारगर एवं उपयोगी सिद्ध होगा।

(संपादक मण्डल)